तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 20 जुलाई 2026



12 खुरसुनी स्कूल में सीडबॉल निर्माण व बीजारोपण...



11 जिला पंचायत की समीक्षा बैठक में विकास ...



**10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...**

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.

## खबर संक्षेप

### बकरी चरवाहे से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** खेत के पास बकरी चराते देख किसान ने बकरी चरवाहे के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम माहुद अ निवासी अश्वनी यादव ने पुलिस को बताया कि बकरी चराने का काम करता हूं, 17 जुलाई को मैं गांव के बांध के नीचे बकरी चरा रहा था, मेरी बकरी महेन्द्र लोहार के खेत मे न जाये इसलिए मैं उसके खेत में उतर कर खडा हुआ था, महेन्द्र लोहार मुझे अपने खेत मे उतरते देखकर मुझे गाली गलौज करने लगा और आकर अपने हाथ में रखे लकड़ी के डण्डा से मेरे पीछे टांगो मे मार दिया और मेरा गला को पकड़कर मुझे जमीन मे पटक कर तुझे यही मारकर जमीन मे गाड दूंगा बोलकर जान से मारने की धमकी दिया है, मैं अपने बचाव के लिए चिल्लाया और उससे बचकर निकला हूं।

### युवती ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**बालोद।** ग्राम सोरर निवासी कामिनी ठाकुर 30 वर्ष ने अपने घर के दूसरे मंजिल स्थित कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार घटना दोपहर की बताई जा रही है। मृतिका युवती की मां दोपहर को किसी काम से उपर मंजिल के कमरे में जाकर युवती को आवाज लगाई युवती को आवाज देने के बाद भी युवती द्वारा दरवाजा नही खोलने पर युवती की मां ने ग्रामीणो की मदद से दरवाजा खोला को युवती कमरे में स्थित सिलिंग पंखा में कपड़े की मदद से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसके बाद ग्रामीणो ने इसकी जानकारी पुलिस को दी शेष पेज 11 पर

# घायल भालू का वीडियो वायरल, वन विभाग ने शुरू किया सर्च अभियान


## घोठिया रोड पर सड़क पार करता दिखा लंगड़ाता भालू, एक पैर में चोट की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जंगल से निकलकर लड़खड़ाते हुए सड़क पार कर रहे भालू का विडियो जिले के सोशल मिडिया में वायरल हो रहा है। जिसमे भालू के एक पैर में चोट लगने के कारण वह लड़खड़ाते हुए चलते नजर आ रहा है।

उक्त मामला जिले के घोठिया रोड पर बाईक के माध्यम से जाते एक राहगिर ने देखा, जिसके बाद उक्त राहगिर ने दिन के उजाले में उक्त भालू का विडियो बनाया। जिसमे भालू तीन पैरों के सहारे लंगड़ाते हुए सड़क पार कर कर रहा था, लेकिन राहगिरो को देखकर भालू पुनः जंगल की ओर लड़खड़ाते हुए लौट गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त मामला रानीमाई मंदिर से पहले घोठिया रोड के पास का बताया जा रहा है, जहां राहगिर ने भालू को देखकर अपने मोबाइल में उसका वीडियो और तस्वीरें कैद कर लीं। वीडियो में भालू अपने एक घायल पैर को जमीन पर रखने से बचते हुए लड़खड़ाकर चलते दिख रहा है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग ने तत्काल भालू की तलाश शुरू कर दी है। वन अमला आस पास के जंगल में सघन सर्च अभियान चला रहा है, ताकि भालू का पता लगाकर उसकी स्थिति का आकलन किया जा सके।



### सावधान रहने की अपील

वही कुछ दिनो पहले ग्राम तरौद के पास भी राहगिरो ने रात के अंधेरे में भालू की हलचल महसूस की थी। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणो ने इसको लेकर अन्य ग्रामीणो व वन विभाग को सचेत कर दिया था तथा आवागमन के समय सावधान रहने की अपील की गई थी।

## साल्हे से 150 लीटर से अधिक डीजल चोरी, बनगांव और जम्ही में भी टूटे मिले जनरेटर कक्ष के ताले

# जिओ के तीन टावरों में चोरी की वारदात से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

- डीजल चोरी से नेटवर्क ठप होने का खतरा

जिले में रिलायंस जिओ के मोबाइल टावर लगातार चोरों के निशाने पर हैं। एक के बाद एक टावरों में जनरेटर कक्ष के ताले तोड़कर डीजल चोरी किए जाने की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। साल्हे में करीब 150 लीटर से अधिक डीजल चोरी होने का मामला सामने आने के अगले ही दिन बनगांव और जम्ही स्थित जिओ टावरों में भी जनरेटर कक्ष के ताले टूटे मिले। लगातार हो रही इन घटनाओं से दूरसंचार सेवाओं की सुरक्षा और निर्बाध संचालन को लेकर चिंता बढ़ गई है।

रिलायंस जिओ इन्फाकॉम लिमिटेड के टेक्नीशियन राजकुमार साहू की शिकायत पर डौंडी पुलिस ने 18 जुलाई को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार ग्राम साल्हे स्थित जिओ टावर के जनरेटर कक्ष का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लगभग 150 लीटर से अधिक डीजल चोरी कर ले गए। यह जनरेटर बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में मोबाइल नेटवर्क को चालू रखने के लिए लगाया गया है। घटना के अगले दिन जब तकनीकी टीम ग्राम बनगांव और ग्राम जम्ही स्थित जिओ टावरों का निरीक्षण करने पहुंची तो वहां भी जनरेटर कक्ष के ताले टूटे मिले। प्रारंभिक जांच में दोनों स्थानों पर भी चोरी की आशंका जताई गई है। अधिकारियों के अनुसार दोनों टावरों से कितनी मात्रा में डीजल चोरी हुआ है, इसका आकलन किया जा रहा है। विस्तृत जांच के बाद नुकसान की वास्तविक जानकारी सामने आएगी।

कंपनी के तकनीकी कर्मचारियों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी बनगांव स्थित जिओ टावर से जनरेटर की बैटरी चोरी हो चुकी है, जिसकी रिपोर्ट लोहारा थाने में दर्ज कराई गई थी। इसके बावजूद अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से कंपनी के कर्मचारियों में भी चिंता का माहौल है। तकनीकी टीम का कहना है कि यदि इस प्रकार डीजल और उपकरणों की चोरी होती रही तो बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में मोबाइल टावरों का संचालन प्रभावित हो सकता है। इससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाएं बाधित होने का खतरा बढ़ जाएगा, जिसका सीधा असर आम नागरिकों, आपातकालीन सेवाओं तथा ऑनलाइन कार्यों पर पड़ सकता है।

नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले ने कहा कि लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लिया गया है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज, संदिग्ध गतिविधियों और पुराने अपराधियों की जानकारी खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया जाएगा।

थाना प्रभारी डौंडी में भी कहा कि पीड़ित पक्ष की शिकायत पर अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है तथा तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। मामले में हर पहलू से जांच की जा रही है।रिलायंस जिओ इन्फाकॉम लिमिटेड के तकनीकी विभाग के अधिकारी ने बताया कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नेटवर्क संचालन प्रभावित होने की आशंका बढ़ रही है। कंपनी पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य कर रही है। संवेदनशील टावरों की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी को और मजबूत करने की दिशा में भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में रात के समय संदिग्ध लोगों की आवाजाही बढ़ी है। यदि पुलिस की नियमित गश्त बढ़ाई जाए और टावर परिसरों के आसपास निगरानी मजबूत की जाए तो ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। ग्रामीणों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने की मांग की है।





# चाकू की नोक पर युवकों से छीने 15 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- गले में चाकू टीकाकर दी जान से मारने की धमकी

बाईक से जा रहे युवको के साथ दो अज्ञात युवक ने लूटपाट कर मारपीट की। जिसके बाद पीड़ित युवक ने अज्ञात दो युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 309(6), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पसौद, चौकी हल्दी निवासी तारकेश कंवर ने पुलिस को बताया 15 जुलाई को रात्रि मेरे दोस्त आशीष कुमार चन्द्रवंशी के साथ अपने मोटर साइकिल सीजी 24 वाई 5789 से ग्राम पसौद से अम्बागढ़ चौकी बालोद होते हुये जा रहे थे, रात्रि 16 जुलाई को 03 बजे ग्राम रेंगनी मोड़ के पास मोटर साइकिल का इंजन गर्म हो जाने से मोटर सायकल को रोड़ किनारे खड़ा कर रूके थे, तभी बालोद की ओर से मोटर सायकल में दो लड़के हम लोगों के पास आकर रूके, दोनो लड़कों का चेहरा कपड़ा से बंधा हुआ था, जिसमें से एक लम्बा लड़का मेरे टी शर्ट को पीछे से पकड़ कर गाली गलौज करने लगा और दूसरा लड़का मेरे दोस्त आशीष कुमार को हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, तब लम्बा लड़का अपने साथी को बोला चाकू निकाल तब छोटे कद का लड़का अपने जेब से चाकू निकाल कर मेरे गले के पास टीकाकर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ– मुक्का से मेरे मुंह के बाएं तरफ तथा शेष पेज 11 पर

# रेंगाडबरी में 19 लाख रुपए की लागत से बनने वाले डोमशेड का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौण्डीलोहारा

- ग्रामीणों में खुशी की लहर

विकासखंड के ग्राम रेंगाडबरी में रविवार को 19 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले बहुउद्देशीय डोमशेड का विधिवत पूजा-अर्चना एवं भूमि पूजन के साथ शुभारंभ किया गया। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने पर गांव में उत्साह का माहौल रहा। ग्रामीणों ने इसे गांव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

भूमिपूजन कार्यक्रम में सरपंच भावना जयेश जैन, फगुआ राम निषाद, ग्राम पटेल दमेन्द्र निषाद, उपसरपंच वरूना बाई, पंच मदन माहला, पंच रोशनी खरे, शिवदयाल निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने निर्माण कार्य समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डोमशेड के निर्माण से गांव में शादी-विवाह, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक स्थायी और सुविधायुक्त स्थान उपलब्ध होगा।

अब ग्रामीणों को विभिन्न आयोजनों के लिए अस्थायी व्यवस्थाओं पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, जिससे समय और आर्थिक संसाधनों की भी बचत होगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश संबंधित एजेंसी को दिए गए हैं। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि डोमशेड बनने के बाद रेंगाडबरी में सामुदायिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और गांव के विकास को भी मजबूती प्राप्त होगी।

# महिला व बेटी से की मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

बाड़ी का घेराबंदी कर रही महिला को गांव के ही व्यक्ति ने गाली गलौज व मारपीट कर दिया। जिसके बाद पीड़ित महिला ने मारपीट करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम खल्लारी निवासी चंद्रिका बाई ने पुलिस को बताया कि शाम अपने घर के सामने बाड़ी से खेत के तरफ जानवर न जाये करके अपनी लड़की के साथ बाड़ी में घेरा लगा रहे थे, पड़ोसी बोधन निषाद घेरा लगा के गली को घेर रहे है आने जाने के रास्ते को घेर रहे है कहकर गाली दे रहा था, मैं उसी समय कुछ देर के लिये घर अंदर गई तो मेरी लड़की अमिता की चिल्लाने की आवाज सुनकर बाहर आई तो देखी बोधन निषाद अमिता की बांह पकड़कर कालम गढ्ढे की ओर ले जा रहा था, तब मैं बीच– बचाव करने लगी, बोधन निषाद धक्का– मुक्की कर हाथ– थप्पड़ से मारपीट करते हुये मेरे दाहिने हाथ की कलाई को कसकर पकड़ लिया जिसे मैं छुड़ाई तो बोधन निषाद कालम गढ्ढे में गिर गया। मारपीट से मेरे दाहिने कलाई में दर्द है तथा मेरी लड़की अमिता की दाहिने हाथ की ऊंगली में चोट आया है।

# शराब भट्ठी के पास से मोटर साइकिल चोरी

**बालोद।** शराब भठ्ठी के सामने से चोर ने मोटर साइकिल की चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम देवसरा थाना अजुंर्दा निवासी जीवन लाल खुटेल ने पुलिस को बताया कि सुबह लगभग 10 बजे मैं अपने मोटर साइकिल सीजी 07 बीआर 2312 में देशी शराब भट्ठी मोहंदीपाट में शराब खरीदने गया था, अपने मोटर साइकिल को शराब भट्ठी के सामने खड़ी कर शराब खरीदने गया, शराब खरीदकर वापस अपने मोटर साइकिल के पास आया तो देखा कि मेरा मोटर साइकिल जहां पर मैं खड़ा किया था, वहां पर नही था, आस पास पता तलाश किया पता नही चला, कोई अज्ञात चोर द्वारा मेरे मोटर साइकिल को चोरी कर ले गया है। पूर्व में भी मेरे मोटर साइकिल को शराब भट्ठी मोहंदीपाट से कोई अज्ञात व्यक्ति ले गया था, जो वापस वही पर लाकर रख दिया था, जो कोई व्यक्ति ले गया होगा वापस कर देगा सोचकर मैं रिपोर्ट दर्ज नही कराया था।

# जल संरक्षण के लिए जिले के 1048 स्कूलों में एक साथ हुआ पत्र लेखनअभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- 37 हजार से ज्यादा लोगों की सहभागिता

जिला प्रशासन बालोद द्वारा जल संचय–जनभागीदारी 2.0 एवं कैच द रैन 2026 अभियान के तहत जल संरक्षण को एक जन आं दो ल न बनाने की दिशा में निरंतर पहल की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत 18 जुलाई को सुबह 10 बजे बालोद, गुरुर, गुण्डरदेही, डौंडीलोहारा एवं डौंडी विकासखंड के 1048 विद्यालयों में एक ही समय में पत्र लेखन गतिविधि का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से लगभग 29,367 विद्यार्थियों ने अपने पालकों, मित्रें और आम नागरिकों को पत्र लिखकर जल की महत्ता, इसके संरक्षण, सदुपयोग एवं पुनः उपयोग के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया। जल संरक्षण के इस अभियान में विद्यार्थियों के साथ 2,105 शिक्षक, 1,471 पालक, 1053 शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, 1351 जनप्रतिनिधियो एवं 2150 आम नागरिको सहित कुल 37,497 लोगों ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई।

जिला प्रशासन के इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्षा के जल को व्यर्थ बहने से बचाकर उसे संचित करना है। सभी प्रतिभागियों ने जहां वर्षा हो, जब वर्षा हो वहीं जल संचयन के मंत्र को आत्मसात करते हुए भविष्य में जल संकट से निपटने के लिए एकजुट होकर जल संरक्षण के कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है।





शैलदेवी महाविद्यालय
Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg
अंडा, दुर्ग
NAAC A
9575037637
6265377477
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BCom
MCom
Girls/Boys Hostel
BCA
DCA
PGDCA
Scholarship - 8000 to 13000/-
BSc Maths CS/Bio
MSc Physics/CS Chemistry
MSW
B.Lib
पढ़ाई के साथ-साथ सरकारी नौकरी की तैयारी भी...
Diploma in YOGA
B.Ed, D.El.Ed, B.Sc B.Ed.

**खबर संक्षेप**

## सीबीआई जांच की मांग करने वाले स्क्रैप माफिया के सामने सरेंडर : शर्मा

**भिलाई।** आचार्य नरेंद्र स्मृति जन अधिकार अभियान समिति के संयोजक आरपी शर्मा ने आरोप लगाया है कि भिलाई स्टील प्लांट में स्टील, स्क्रैप चोरी मामले पर सीबीआई जांच की मांग करने वाले अब स्क्रैप माफिया के सामने सरेंडर हो गए हैं। शर्मा ने कहा कि इस पूरे प्रकरण को लेकर देशभर में चर्चा हो रही है। इसी बीच मुख्य आरोपियों के बचाव के लिए तरह-तरह के प्रयास किए जाने की भी बातें सामने आ रही हैं। मामले में सांसदों और विधायकों द्वारा सीबीआई जांच की मांग तो की गई है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या वास्तव में सीबीआई जांच कराने के लिए औपचारिक प्रक्रिया अपनाई गई है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि ऐसे कुछ लोग पर्दे के पीछे मुख्य आरोपियों को बचाने की कोशिश में संदिग्ध भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई जांच की चर्चाओं के बीच आम लोगों में भी भ्रम की स्थिति बन गई है। लोग पूछ रहे हैं कि आखिर सीबीआई है कहां, क्या वह जांच कर लौट भी गई। यह जानकारी प्रबंधन क स्पष्ट करनी चाहिए।

## प्रदीप सोनी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के बने सदस्य



**भिलाई।** छत्तीसगढ़, प्रदेश भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू और प्रदेश संगठन के प्रमुख किरण सिंह देव की सहमति से भिलाई के प्रदीप सोनी को पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोनीत किया गया है। उनको सदस्य बनाए जाने पर मोहन सोनी, दलबीर सिंह, जयप्रकाश आर्य, चंद्र प्रकाश सोनी, चिन्ना राव, अशोक मिश्रा, अल्ताफ कुरेशी, हुकुमचंद गहलोत ने हर्ष व्यक्त किया है।

## नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत छात्र संघ के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



**दुर्ग।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम पुरई में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। विधायक चंद्राकर ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत करते हुए नए शैक्षणिक सत्र के लिए सभी बच्चों को बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कक्षा 6 से 12वीं तक प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही नवनिर्वाचित छात्र संघ के पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाकर उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि विद्यार्थी जीवन ही भविष्य की मजबूत नींव है। उन्होंने सभी बच्चों से आग्रह किया कि अनुशासन, लगन और मेहनत के साथ अध्ययन करें। अपने माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय का नाम रोशन करें। आपका ज्ञान, संस्कार और परिश्रम ही आपको जीवन में सफलता के शिखर तक पहुंचाएगा।

# चेक बाउंस के 449 मामलों का निराकरण, समझौता राशि रही 13.88 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला न्यायालय में चेक बाउंस के प्रकरणों को लेकर विशेष लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया। दंतेवाड़ा से हाईकोर्ट के न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने इसका वर्चुअल उद्घाटन किया। कुल 449 मामलों का निराकरण किया गया। करीब 13,88,05,129 की समझौता राशि रही। धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 के तहत प्रकरणों को सुलह के लिए रखा गया। इस अवसर पर प्रदेश के समस्त जिले के न्यायाधीशगण वर्चुअल माध्यम से जुड़े। सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं संबंधित बैंकों से समन्वयपूर्वक कार्य करने की अपील की गई। दुर्ग जिले में कुल 15 खंडपीठ का गठन किया गया था, जिनके द्वारा कुल 1001 प्रकरण चिन्हांकित किए गए थे। लोक अदालत का उद्देश्य पक्षकारों को आपसी समझौते एवं सौहार्दपूर्ण संवाद के माध्यम से विवादों का त्वरित, कम खर्चीला एवं स्थायी समाधान उपलब्ध कराना था।

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की भावना के अनुरूप आयोजित इस विशेष लोक अदालत ने यह सिद्ध किया कि आपसी सहमति के माध्यम से विवादों का समाधान न्याय प्राप्ति का सबसे प्रभावी एवं व्यवहारिक माध्यम है। इस विशेष लोक अदालत में अपेक्षित एवं उत्साहवर्धक परिणाम प्राप्त हुए, जिसके पीछे जिला स्तर पर की गई सुनियोजित रणनीति, सतत समन्वय एवं व्यापक पूर्व तैयारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिला न्यायाधीश के. विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेश कुमार बसंत तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आकांक्षा राठौर एवं अंजली सिंह की एक विशेष टीम गठित की गई थी। उक्त टीम द्वारा संबंधित अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों से निरंतर संपर्क स्थापित करते हुए उन्हें आपसी संवाद एवं समझौते के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, प्रकरणवार सतत अनुश्रवण एवं समन्वय के माध्यम से अधिकाधिक मामलों के सौहार्दपूर्ण निराकरण हेतु अथक एवं सराहनीय प्रयास किए गए।

**हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने दंतेवाड़ा से किया वर्चुअल उद्घाटन**




### सुलह के लिए पक्षकारों को किया गया प्रेरित

विशेष लोक अदालत की सफलता में मध्यस्थता केन्द्र की भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही। मध्यस्थ न्यायाधीशों द्वारा अनेक प्रकरणों में पक्षकारों को धैर्यपूर्वक समझाइश देकर, संवाद की सकारात्मक प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए आपसी सहमति का वातावरण निर्मित किया गया, जिसके फलस्वरूप अनेक मामलों में सफल समझौते संभव हो सके। मध्यस्थता केन्द्र की यह सक्रिय भूमिका विशेष लोक अदालत की सफलता का एक महत्वपूर्ण आधार सिद्ध हुई। जिला अधिवक्ता संघ का सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता रही। अधिवक्ताओं द्वारा अपने-अपने पक्षकारों को आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए प्रेरित करते हुए प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

### ऐसी लोक अदालतों से कोर्ट में कम होता है प्रकरणों का भार

विशेष लोक अदालत में दुर्ग जिले के विभिन्न विधि महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की सहभागिता भी अत्यंत सराहनीय रही। विद्यार्थियों की यह सहभागिता न केवल उनके व्यावहारिक विधिक प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण अवसर बनी, बल्कि समाज में वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली के प्रति जागरूकता एवं विश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में भी प्रभावी सिद्ध हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उमेश कुमार भागवतकर ने इस विशेष लोक अदालत की सफलता में सहयोग प्रदान करने वाले सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, मध्यस्थ न्यायाधीशों, न्यायालयीन कर्मचारियों एवं पक्षकारों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार आपसी समझौते एवं संवाद की भावना को बढ़ावा देकर न्याय को अधिक सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाया जाता रहेगा।

### रावणभाठा सुपेला में अधूरी रह गई कार्रवाई, कई व्यापारियों ने नहीं हटाया अतिक्रमण


# बुलडोजर चला लेकिन कब्जा नहीं हटा, निगम की कार्रवाई के अगले ही दिन फिर खड़े हुए छज्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर निगम भिलाई की ओर से रावणभाठा सुपेला में मंगलवार को चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान अगले ही दिन सवालों के घेरे में आ गया। निगम ने जिन व्यापारियों को स्वयं अवैध कब्जा हटाने के लिए मंगलवार रात तक का समय दिया था, उनमें से कई ने बुधवार तक भी अतिक्रमण नहीं हटाया।

मंगलवार 14 जुलाई को जोन-1 और जोन-2 की संयुक्त टीम ने रावणभाठा क्षेत्र में सड़क और नालियों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की थी। इस दौरान कई दुकानों के सामने बने शेड, प्लेटफॉर्म और अन्य निर्माण तोड़े गए। कुछ व्यापारियों ने सामान हटाने और स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए समय मांगा, जिस पर निगम अधिकारियों ने मानवीय आधार पर मंगलवार रात तक की मोहलत दे दी। इसी दौरान मां पुस्तक भंडार के सामने किए गए अतिक्रमण का केवल एक हिस्सा ही हटाया गया। शेष अवैध कब्जा स्वयं हटाने के लिए समय दिया गया था, लेकिन शनिवार 18 जुलाई तक सड़क और नाली पर बना कब्जा जस का तस रहा। वहीं सरकारी स्कूल से लगी नाली के ऊपर वर्षों से व्यवसाय कर रहे पान ठेला, होटल सहित कुछ अन्य दुकानदारों को भी मंगलवार रात तक कब्जा हटाने का समय दिया गया था, लेकिन शुक्रवार तक इनमें से अधिकांश दुकानों के सामने अवैध निर्माण और कब्जे बने रहे। हैरानी की बात यह रही कि कार्रवाई के अगले ही दिन कुछ व्यापारियों ने फिर से अपने छज्जे और अस्थायी निर्माण लगाने शुरू कर दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कार्रवाई के तुरंत बाद ही दोबारा कब्जा होने लगे तो पूरे अभियान का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा।

**लंबे समय बाद अतिक्रमण को लेकर हुई थी कार्रवाई**



### चार नोटिस के बाद भी आदेश की अनदेखी

नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार संबंधित व्यापारियों को पहली बार 7 मई 2025 को अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद 20 मई 2025 और 30 मई 2025 को भी नोटिस देकर स्वेच्छा से कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए। लगातार चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर 8 जुलाई 2026 को चौथी और अंतिम नोटिस जारी की गई, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि निर्धारित समय सीमा के बाद बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। मंगलवार 14 जुलाई को इसी अंतिम नोटिस के आधार पर कार्रवाई शुरू की गई थी। हालांकि कुछ स्थानों पर दी गई अतिरिक्त मोहलत का लाभ उठाकर कई व्यापारियों ने अब तक कब्जा नहीं हटाया है। इसका सीधा असर न केवल सड़क चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था पर पड़ रहा है, बल्कि नालियों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

### इधर विधायक ने निगम अधिकारियों पर जताई नाराजगी

एक ओर जहां अवैध कब्जाधारियों को एक साल पहले ही तीन बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई, वहीं मुख्यमंत्री सचिवालय के हस्तक्षेप और निर्देश के बाद मंगलवार को अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। दूसरी ओर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने नाराजगी जताते हुए बरसात के मौसम में की गई इस कार्रवाई पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान इस तरह की कार्रवाई से प्रभावित परिवारों और छोटे दुकानदारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो सकता है। विधायक ने यह भी कहा कि इतने बड़े स्तर की कार्रवाई से पहले स्थानीय जनप्रतिनिधि को विश्वास में लेना चाहिए था, लेकिन निगम अधिकारियों ने उन्हें कोई सूचना नहीं दी और मनमाने तरीके से अभियान चला दिया। रिकेश सेन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिना स्थानीय विधायक को जानकारी दिए और जनहित की अनदेखी करते हुए कार्रवाई करने वाले जिम्मेदार निगम अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी।

# निकुम सोसाइटी केन्द्र में गड़बड़ी का आरोप, किसान देंगे धरना



**दुर्ग।** सेवा सहकारी समिति निकुम में धान खरीदी में कथित अनियमितताओं और घोटाले के आरोपों को लेकर किसानों ने 20 जुलाई सुबह 11 बजे से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इस संबंध में किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम दुर्ग को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की सूचना दी। ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री और पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, नंदकुमार साहू, राजकुमार साहू, उत्तम धनकर, पिताम्बर यादव और रोमनाथ निर्मलकर शामिल थे। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि सेवा सहकारी समिति निकुम में वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के दौरान धान खरीदी में लगातार अनियमितताएं हुई हैं। किसानों का कहना है कि तौल में कमी, भूसा के नाम पर कटौती और धान खरीदी में गड़बड़ी जैसी शिकायतें लंबे समय से सामने आ रही हैं, लेकिन जिम्मेदारों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान वर्ष में धान की कमी पाए जाने के बाद एफआईआर दर्ज हुई, लेकिन क्षेत्रीय विधायक ललित चन्द्रकार के हस्तक्षेप के कारण समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष भैयालाल के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। इसे किसानों में भारी नाराजगी है। पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख ने कहा कि किसानों को न्याय नहीं मिलने के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई 2026 को सेवा सहकारी समिति निकुम परिसर में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। किसानों की मांग है कि धरना स्थल पर प्रशासन का कोई वरिष्ठ अधिकारी पहुंचकर उनका ज्ञापन स्वीकार करे और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करे। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, थाना प्रभारी अंडा तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अंडा शाखा प्रबंधक को भी भेजी गई है।

# आज़ाद स्कूल में नशीली गोली खाकर सात बच्चे हुए बीमार, शिकायत के बाद मंत्री ने दिए जांच के निर्देश



**दुर्ग।** चंद्र शेखर आजाद स्कूल पंचशील नगर में करीब 7 बच्चों के कथित रूप से नशीली गोलियों के सेवन करने के बाद बीमार होने का मामला सामने आया है। बच्चों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया। वर्तमान में सभी की स्थिति समान्य बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार एक छात्र द्वारा अन्य बच्चों को गोलियां दी गई। उसके पास ये गोलियां कहां से आई, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। जानकारी के बाद बीजेपी पटरीपार मंडल के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने बच्चों का हालचाल जाना। इसके बाद पूरे मामले की जानकारी शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को दी। उन्होंने निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। मनमोहन शर्मा ने कहा कि जामुल हॉस्पिटल में कुछ बच्चों का इलाजा भी कराया गया। उन्होंने घटना के वास्तविक कारणों का शीघ्र पता लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इधर मंत्री गजेंद्र यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष बलराम यादव, कोषाध्यक्ष यशवंत चंद्राकर, महेंद्र यादव, चंद्रशेखर यादव एवं सुदीप शर्मा उपस्थित रहे।

### कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल भी मिला पीड़ित बच्चों से



इस मामले को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधि मंडल भी पीड़ित बच्चों से मिलने पहुंचा। घटना के बारे में जानकारी ली। साथ ही पुलिस से मामले में जांच की मांग की। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि विद्यालय बच्चों के भविष्य निर्माण का सबसे सुरक्षित और पवित्र स्थान होता है। यदि जांच में यह तथ्य सामने आता है कि विद्यार्थियों तक नशीले पदार्थ पहुंचे हैं, तो यह केवल एक घटना नहीं बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र और समाज के लिए अत्यंत गंभीर चेतावनी है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, उच्चस्तरीय एवं समयबद्ध जांच कराई जाए। कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से अपील कि इस संवेदनशील मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जाए। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, रायसिंह डिकोला, प्रेमलता साहू, आनंद ताम्रकार, सुशील भारद्वाज, निकिता मिलिंद, बिजेंद्र भारद्वाज, सुनीत घोष, पोषण साहू, आयुष शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

# अच्छी पहल : उद्यानिकी विभाग का निर्णय हर 100 वर्गमीटर भूमि पर लगाएंगे एक पौधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम दुर्ग के पर्यावरण और उद्यानिकी विभाग ने एक नई पहल की है, इसमें विभागीय समिति ने हर 100 वर्गमीटर जगह पर एक वृक्ष लगाने का निर्णय लिया है। महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन पर प्रभारी काशीराम कोसरे के प्रस्ताव पर मंजूरी प्रदान की गई है। बैठक में पार्षद सावित्री दमाहे, कार्यपालन अभियंता मोहम्मद सलीम सिद्दीकी, सहायक अभियंता हरिशंकर साहू, उपअभियंता पंकज साहू, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह एवं पुरषोत्तम साहू मौजूद थे। बैठक में शहर के पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा नगर के उद्यानों के रखरखाव एवं विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। काशीराम कोसरे ने कहा कि समिति के समक्ष निकाय क्षेत्र एवं डिवाइडरों में पौधरोपण तथा पौधों की खरीदी से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। सदस्यों ने इस विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए शासन द्वारा जारी 15वें वित्त आयोग एवं वायु गुणवत्ता सुधार मद के अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों एवं प्रमुख मार्गों के डिवाइडरों में उपयुक्त स्थलों का चयन कर व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कराने की अनुशंसा की। समिति ने कहा कि इस पहल से शहर में हरित क्षेत्र का विस्तार होगा, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा। बैठक में नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न उद्यानों की साफ-सफाई, नियमित रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण पर भी विशेष चर्चा की गई। समिति ने शहर के उद्यानों को अधिक आकर्षक एवं नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से आवश्यक संधारण एवं उन्नयन कार्य कराए जाने की अनुशंसा की। इसके लिए उद्यान उन्नयन एवं संधारण मद से 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत किए जाने का प्रस्ताव भी रखा गया।

- नगर के उद्यानों के रखरखाव 10 लाख स्वीकृत



# पालक शिक्षण समिति का गठन




हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कर्मा विद्यालय भिलाई में पालक शिक्षण समिति का गठन किया गया। महासचिव आर लखेंद्र साहू ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कर्मा विद्यालय के विकास के साथ छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य के लिए सहयोग की अपील की। साथ ही प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

पालक शिक्षण समिति में अध्यक्ष पार्वती राजपूत, उपाध्यक्ष रेवती व लोमश कुमार साहू, सचिव हरख राम साहू प्राचार्य, सहसचिव नंदनी साहू प्रधानपाठक, कोषाध्यक्ष भेमिन साहू सहायिका, क्रियाशील सदस्य क्षमा सोनी, संगीता, मीरा सोनी, सावित्री, राजेश्वरी साहू, पूनम देवांगन, गंगा वारदे, वंदना राहंगडाले बनाए गए। धनसाय साहू, ईश्वरी प्रसाद साहू, ज्ञानिक राम साहू सहित पालक व शिक्षक उपस्थित थे।

### सूकर पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास पर तीन दिवसीय शिविर का आयोजन

# सूकर पालन आय वृद्धि का का बड़ा माध्यम, 70 कृषकों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कामधेनु विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले वेटनरी कॉलेज अंजोरा में तीन दिवसीय सूकर पालन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह के मार्गदर्शन, अधिष्ठाता डॉ.सुशान्त पाल एवं निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. मनोज गेंदले के कुशल नेतृत्व में सूकर पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास विषय पर यह शिविर हुआ।

- वेटनरी कॉलेज अंजोरा में आयोजन

निदेशक शिक्षण डॉ. मंजू रॉय, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. दुर्गा चौरसिया, निदेशक पंचगव्य/ बायोटेक्नोलॉजी डॉ. मीनू दुबे, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ. दिलीप चौधरी, डॉ. डीके जोल्हे, डॉ. दीप्ति किरण बरवा, डॉ. भानु, प्राध्यापकगणों एवं 70 प्रशिक्षणार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति में सूकर पालन से जुड़ी जानकारी दी गई।

अधिष्ठाता एवं प्रभारी कुलपति ने वैज्ञानिक सूकर पालन को आय वृद्धि का प्रभावी माध्यम बताते हुए बेहतर नस्लों के चयन, संतुलित पोषण एवं समय-समय पर टीकाकरण कराने पर बल दिया। प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञों द्वारा दी जाने वाली जानकारी का नोट्स बनाए जो पशुपालन में मददगार सिद्व होंगे। निदेशक शिक्षण डॉ.मंजू रॉय ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से सूकर पालन की वैज्ञानिक विधियॉ, उचित व्यस्थापन, प्रबंधन, रोग नियंत्रण एवं उद्यमिता विकास से संबंधित व्यवहारिक जानकारी प्रदान की जावेगी, जिससे वे सूकर पालन को लाभप्रद स्वरोजगार के रूप में विकसित कर सकें।



### एमपी, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के प्रशिक्षक हुए शामिल

डॉ. रामचन्द्र रामटेके ने बताया कि इस प्रशिक्षण में उड़ीसा, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के 70 प्रशिक्षणार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों, युवाओं, पशुपालकों एवं उद्यमियों को आधुनिक सूकर पालन में वैज्ञानिक प्रबंधन, रोग नियंत्रण, पोषण, प्रजनन, पारंपरिक, प्राथमिक चिकित्सा, प्रगति शील किसान के साथ इंटरेक्शन, सूकर पालन की विभिन्न योजनाओं, बैंक लोन प्रोसेस की जानकारी एवं सूकर फार्म, विभिन्न फार्म, चारा उत्पादन ईकाई की जानकारी एवं स्वरोजगार के अवसरों से अवगत कराना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंदना भगत एवं डॉ. शबीर अनंत द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## खबर संक्षेप




### अब महंगाई राहत के लिए मप्र की अनुमति जरूरी नहीं : देवान

**धमतरी।** छग के लगभग 1 लाख 50 हजार पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों के लिए राहत भरी खबर है। अब छग सरकार को पेंशनरों को महंगाई राहत (डीआर) देने के लिए मध्यप्रदेश सरकार से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। दोनों राज्यों के वित्त सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से सहमति बनने के बाद 17 जुलाई को आदेश जारी कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान ने बताया कि इससे पहले मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम-2000 की धारा 49(6) के तहत पेंशनरों को देय स्वत्वों के भुगतान के लिए दोनों राज्यों की सहमति आवश्यक थी। इस प्रक्रिया में कई-कई महीने लग जाते थे, जिससे महंगाई राहत के आदेश जारी होने में लगातार विलंब होता था। परिणामस्वरूप छग के लाखों पेंशनर 86 माह की महंगाई राहत से अब तक वंचित हैं। अब दोनों राज्यों के बीच सहमति स्थापित किए जाने से पेंशनरों में नई उम्मीद जागी है। प्रांतीय अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि अब शीघ्र ही 2 प्रतिशत महंगाई राहत सहित 86 माह की लंबित महंगाई राहत का लाभ छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को मिलेगा।

### नगरी तहसील में पानी शौचालय, पार्किंग की समस्या

**सांकरा।** तहसील कार्यालय नगरी आज बुनियादी सुविधाओं के अभाव में बदहाल है। रोजाना नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम कोर्ट और अन्य जरूरी कामों से पहुंचने वाले हजारों ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज साक्षी ने तहसील परिसर की अव्यवस्था को लेकर प्रशासन पर सवाल उठाए हैं।

पेज 9 का शेष

### चाकू की नोक पर ...

बाएं कान के पास मारने से चोट लगा है, उसी समय मेरे साथी की ओर देखने लगे तब मैं मौका देखकर बालोद की ओर भागने लगा तब पुनः दोनो लड़के पकड़ कर मरपीट करते हुये मुझे नीचे गिरा कर मेरे पैंट के सामने जेब में रखे पर्स रखे कुल 20,200 रूपये में से 15,000 रूपये लूट कर पर्स को वापस कर दिये। दोनो लड़के अपने मोटर साइकिल में बैठकर लम्बा लड़का बोला मै देवरी पसौद का रहने वाला हूं, तुमको जो उखाड़ना है उखाड़ लेना, कहकर गाली गलौज करते पुनः बालोद की ओर चले गये। तब मैं अपना पर्स को चेक किया तो पर्स में कुल 5,200 रूपये बचा था। तब मैं 112 को डायल किया जो कुछ देर में 112 वाहन आया और पुलिस वाले हम दोनो को थाना बालोद लाये।

### युवती ने की ...

, जहां पुलिस के पहुंचने के बाद शव को फांसी के फंदे से उतारा गया। जहां शव का पीएम करके शव को परिजनो को सौप दिया गया। वही युवती ने ऐसा कदम क्यो उठाया यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

## सीईओ सुनील चंद्रवंशी ने पीएम आवास, मनरेगा, बालिका शौचालय, स्वच्छता और आजीविका योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

# जिला पंचायत की समीक्षा बैठक में विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी की अध्यक्षता में 17 जुलाई को जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपसंचालक पंचायत, सर्व सहायक परियोजना अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्रामीण यंत्री की सेवा के अनुभाग्य अधिकारी, कार्यकम अधिकारी, वीबी जी राम जी, उपअभियंता, तकनीकी सहायक, सर्व शाखा प्रभारी जनपद पंचायत एवं करारोपण अधिकारी की उपस्थिति में उक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंद्रवंशी ने संबंधित अधिकारियों को वीबी–जी राम जी योजना अंतर्गत प्रथामिकता के आधार पर नवीन कार्योर् की स्वीकृति हेतु प्रधानमंत्री आवास के कार्य, स्कूल में बालिका शौचालय, मुक्तिधाम शेड निर्माण, डिफंक्ट बोरवेल में रिचार्ज शाफ्ट एवं आंगनबाड़ी के निर्माण कार्य को प्राथमिकता से स्वीकृति हेतु प्रस्ताव युक्तधारा के माध्यम से प्रेषित करने के निर्देश दिए। जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक–एक धरसा चिन्हांकन कर जानकारी प्रेषित करने निर्देशित किया गया।

मनरेगा अंतर्गत पूर्व वर्ष के प्रगतिरत कार्योर् को गुणवत्ता पूर्ण यथाशीघ्र पूर्ण करते हुए ऑनलाईन एमआईएस में सीसी अपलोड करने, समस्त पूर्ण कार्योर् का स्टेज 02 जियो टैगिंग शीघ्र पूर्ण करने, सामाजिक अंकेक्षण अंतर्गत समस्त लंबित प्रकरणों में शीघ्र वसूली करते हुए एमआईएस पोर्टल में इंद्राज करने, वृक्षारोपण के कार्योर् में गुणवत्ता का ध्यान देते हुए कार्य समय–सीमा में पूर्ण करने तथा अभिसरण अंतर्गत पूर्ण हुए उत्कृष्ट कार्यों की सफलता की कहानी 02 दिवस में प्रेषित करने






निर्देशित किया गया। बैठक में सीईओ चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में स्वीकृत, अपूर्ण एवं निर्माणाधीन आवासो के संबंध में विकासखण्डवार एवं नोडलवार समीक्षा करते हुए समस्त निर्माणाधीन आवासो को एक विशेष कार्ययोजना बनाकर निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने तथा अप्रारंभ आवासो के लाभार्थियो से संपर्क एवं समन्वय कर यथाशीघ्र प्रारंभ कर आवासो को पूर्ण कराने प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। स्वीकृति पश्चात प्रथम किश्त अंतरण हेतु शेष 79 लाभार्थियो के बैंक खातों का केवायसी पूर्ण कर एफटीओ के माध्यम से यथाशीघ्र प्रथम किश्त जारी करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान बिना किसी पूर्व सूचना, अनुमति, स्वीकृति के अनुपस्थित पाए गए नोडल अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने तथा योजनान्तर्गत लक्ष्य अनुरूप प्रति–दिवस आवास पूर्णता की प्रगति नगण्य होने से नाराजगी जाहिर करते हुए जनपद पंचायत में कार्यरत अमलो को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। योजनान्तर्गत ग्रामसभा द्वारा चिन्हांकित निरस्त योग्य आवासो की ग्रामसभा प्रस्ताव एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजो को प्राप्त दावा–आपत्ति के निराकरण पश्चात नियमानुसार जिला स्तरीय अपीलीय समिति के समक्ष यथाशीघ्र प्रस्तुत करने निर्देश दिए। साथ ही आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण से प्राप्त सिस्टम जनरेटेड प्रतीक्षा सूची का ग्रामसभा द्वारा सार्वजनिक वाचन एवं अवलोकन, सत्यापन पश्चात आमंत्रित दावा–आपत्ति का व्यापक प्रचार–प्रसार करने तथा सिस्टम जनरेटेड प्रतीक्षा सूची में नाम जोड़ने, काटने, पात्र, अपात्र, अवलोकन, सत्यापन के नाम पर अनूचित राशि की मांग अथवा वसूली की शिकायत प्राप्त होने पर नियमानुसार कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करने निर्देश दिए।

बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत मॉडल सीएलएफ के नियम अनुसार संचालन एवं समय–सीमा में इसके एमपीआर भरने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जिलें में संचालित ग्राम सिवनी में सीएमसी सेंटर में कैलेंडर बनाकर ट्रेनिंग के संचालन हेतु आदेशित किया गया। वित्तीय समावेशन अंतर्गत बैंक एसजी बैंक क्रेडिट लिंकेज के 60ः प्रकरण 25 जुलाई तक प्रेषित करते हुए वितरति प्रकरणों के समय–सीमा में ऋण वापसी एनपीए निराकरण करने निर्देशित किया गया। जनपद पचायत डौण्डी एवं गुरूर में कम प्रकरण प्रेषित करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए 25 जुलाई के पूर्व 60 प्रतिशत प्रकरण बैंक में प्रेषित करने कहा गया, साथ ही वूमेन लीड इंटरप्राइज लोन के प्रकरण भी 25 जुलाई के पूर्व 60 प्रतिशत प्रेषण एवं 50 वितरण हेतु निर्देशित किया गया। डौण्डी ब्लाक में सीएफ के नियमित ट्रांजक्शन एंट्री नहीं करने साथ ही ग्राम संगठन एवं एसएचजी के भी नियमित ट्रांजक्शन एंट्री के निर्देश दिए गए। लखपति दीदी पहल के तहत आगामी 03 वर्ष के प्रदाय लक्ष्य अनुसार विकासखंड स्तर पर अभिसरण समिति की बैठक आयोजित कर लखपति बनाए जाने हेतु कार्ययोजना तैयार करते हुए समय सीमा में लक्ष्य पूर्ति तथा लखपति ग्राम की संख्या बढ़ाई जाने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही बेस्ट प्रैक्टिसेज तैयार करने हेतु आदेशित किया गया। जिले के स्व–सहायता समूह को सामाजिक सराकारों से जोड़ते हुए नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा जीआरसी सेंटर के माध्यम से नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान प्रत्येक गांव में आयोजित करने के निर्देश दिये गए। स्व–सहायता समूह द्वारा उत्पादित सामग्रियों के बेहतर ब्रांडिंग पैकेजिंग एवं प्रत्येक विकासखंड में 01 से 02 बेहतर इकाई जैसे सेनेटरी पैड, महुआ लड्डू इकाई के यथाशीघ्र स्थापना एवं इसके मानके पूर्ण संचालन हेतु कार्य योजना तैयार कर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

राज्य शासन के मंसानुरूप सूर्य घर योजना में जिले के वेंडर के रूप में चिन्हित सीएफ के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा संख्या में सूर्य घर योजना के माध्यम से सोलर पैनल लगाए जाने हेतु एक विस्तृत कार्य योजना तैयार कर कार्य किया जाना है। इसके पहले चरण में ग्राम नारागांव विकासखंड गुरूर में शत प्रतिशत परिवारों के घर में सूर्यघर योजना के तहत सोलर पैनल बनाए जाने हेतु अभियान स्वरूप कार्य करने निर्देशित किया गया।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन– ग्रामीण अंतर्गत सीईओ श्री चंद्रवंशी ने ठोस अपशिष्ट नियम 2026 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष हेतु लक्षित ग्राम पंचायतों में 07 दिवस के भीतर नियमानुसार कचरा संग्रहण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। पर्यटन स्थल एवं एन.जी.टी. हेतु लक्षित ग्राम पंचायतों में जन–जागरूकता संबंधित गतिविधियों आयोजित कराने एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के समन्वयकों कों स्कूलों में प्रचार–प्रसार संबधी गतिविधि आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जर्जर ग्राम पंचायत भवनों, पंचायत विहीन ग्राम पंचायतों को चिन्हांकित करने निर्देशित किया गया एवं स्वास्थ्य केंद्रों एवं अटल डिजिटल सुविधा निर्माण के संबंध में निर्देश दिए। इसी तरह डिजिटलीकरण एवं पोर्टल प्रबंधन समर्थ पोर्टल पर करदाताओं का पंजीयन, डिम और कर संग्रहण की स्थिति की समीक्षा करते हुए ग्राम संपदा ऐप के माध्यम से शत प्रतिशत जियो टैगिंग के निर्देश दिए गए। योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा करते हुए उन्होंने गुणवता के साथ समय–सीमा में कार्योर् को पूर्ण करने एवं जिले में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु चर्चा की गई। बैठक में राज्य संपरीक्षा विभाग के ऑडिट प्रतिवेदन के निराकरण, अविवादित नामांतरण, बंटवारा और जिला एवं जनपद स्तर पर गठित समितियों की नियमित बैठक करने के निर्देश दिए गए। आगामी कार्ययोजना बैठक में पंचायत स्तर पर आय वृद्धि, ग्राम सभाओं में जनभागीदारी बढ़ाने और उन पंचायतों की पहचान करने निर्देशित किया गया साथ ही ग्रामीण सचिवालय की तैयारी के संबंध में निर्देश दिए गए।

## ग्रामीण स्कूलों में बनेंगे बालिका शौचालय, छात्राओं को मिलेगा सुरक्षित व स्वच्छ वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण व वीबीजी रामजी के अभिसरण से होंगे निर्माण, प्रति यूनिट 4.37 लाख रुपये स्वीकृत

ग्रामीण क्षेत्रें के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के चयनित शासकीय विद्यालयों में बालिका शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के प्रभारी अधिकारी ने बताया कि यह निर्माण कार्य वीबीजी रामजी तथा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अभिसरण से 4.37 लाख रुपये के प्रति यूनिट स्वीकृत किया जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, विद्यालयों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा छात्रओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस पहल को प्राथमिकता दी गई है। विद्यालयों में पर्याप्त एवं उपयोगी शौचालय उपलब्ध होने से छात्रओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिलेगा, जिससे उनकी नियमित उपस्थिति में वृद्धि होगी तथा पढ़ाई के दौरान होने वाली असुविधाओं में कमी आएगी। बालिका शौचालयों का निर्माण निर्धारित तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप किया जाएगा। प्रत्येक शौचालय में स्वच्छ जल की उपलब्धता, हाथ धोने की सुविधा, उचित वेंटिलेशन तथा नियमित साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि छात्रओं को बेहतर स्वच्छता सुविधाएँ प्राप्त हो सकें। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी द्वारा संबंधित विभागों एवं ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया है कि स्वीकृति उपरांत निर्माण कार्य निर्धारित समय–सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जाए। साथ ही विद्यालय प्रबंधन समितियों, ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय समुदाय की सहभागिता से इन शौचालयों का नियमित संचालन एवं रखरखाव भी सुनिश्चित किया जाए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत यह पहल केवल आधारभूत संरचना के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यालयों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने, छात्रओं में व्यक्तिगत स्वच्छता की आदतों को प्रोत्साहित करने तथा स्वस्थ एवं स्वच्छ विद्यालय परिसर विकसित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रें में बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, सम्मान एवं स्वच्छता को सु–ढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध होगी।

## शिक्षा से ही सशक्त होगा भविष्य : विकास

### सरस्वती साइकिल योजना के तहत 72 छात्र-छात्राओं को मिली साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी

पीएमश्री शासकीय श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत कक्षा 9वीं के हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के कुल 72 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष विकास बोहरा थे। अध्यक्षता नगर पंचायत के सभापति अश्विनी निषाद ने की। विशिष्ट अतिथि पार्षद, देवचरण ध्रुव, हेमलाल सेन, खेमेन्द्र साहू, माध्यमिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष हुलास राम सोनवानी, पालक सदस्य यामिनी साहू एवं हेमलता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुआ, जिसके पश्चात पात्र विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गईं।

मुख्य अतिथि श्री बोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि सरस्वती साइकिल योजना केवल साइकिल वितरण की योजना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम है। आज के समय में शिक्षा ही सबसे बड़ी ताकत है और शिक्षित युवा ही समाज एवं राष्ट्र के विकास की मजबूत नींव रखते हैं। राज्य सरकार विद्यार्थियों की शिक्षा को आसान और सुलभ बनाने के लिए लगातार जनहितकारी योजनाएं संचालित कर रही है। साइकिल मिलने से दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों का समय बचेगा, उनकी नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और



वे पूरी लगन के साथ अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी के साथ अध्ययन कर अपने माता-पिता, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

अश्विनी निषाद ने कहा कि सरकार की यह योजना शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रही है। आर्थिक या दूरी जैसी कोई भी बाधा अब विद्यार्थियों की पढ़ाई में रुकावट नहीं बननी चाहिए। साइकिल मिलने से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे नियमित रूप से विद्यालय पहुंचकर बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से साइकिल का सुरक्षित उपयोग करने, यातायात नियमों का पालन करने तथा शिक्षा को अपने जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बनाकर निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

प्राचार्य एसके प्रजापति ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचाना विद्यालय की प्राथमिकता है। कार्यक्रम का संचालन सुमन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता आरएल सोनी, डीपी ताम्रकार, आकांक्षा लाल, भानुप्रिया साहू, मोनिका सिन्हा, खेमराज साहू सहित शालेय स्टाफ, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### जमा राशि की मांग को लेकर दिल्ली में होगा प्रदर्शन

# 31 जुलाई को संसद घेराव में शामिल होंगे नगरी ब्लॉक के निवेशक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी

नगरी ब्लॉक के चिटफंड निवेशक 31 जुलाई को नई दिल्ली में प्रस्तावित संसद घेराव और प्रदर्शन में शामिल होकर जमा राशि की वापसी की मांग उठाएंगे। निवेशकों का कहना है कि अनियमित जमा योजनाओं में फंसी उनकी पूंजी वर्षों से वापस नहीं मिली है। उनका आरोप है कि अनियमित जमा पाबंदी योजना ( बड्स एक्ट ) 2019 के प्रावधानों को राज्य स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया गया, जिसके कारण प्रभावित परिवारों को अब तक राहत नहीं मिल सकी है।

निवेशकों के अनुसार, पूरे छत्तीसगढ़ में लगभग 20 लाख परिवार चिटफंड कंपनियों में निवेश कर ठगी का शिकार हुए हैं। इनमें नगरी ब्लॉक के 41,218 निवेशक परिवार शामिल बताए गए हैं। उनका दावा है कि इन परिवारों की करीब 86 करोड़ 60 लाख 51 हजार 942 रुपये की राशि विभिन्न कंपनियों में फंसी हुई है। प्रदर्शन के माध्यम से निवेशक तहसील स्तर पर भुगतान काउंटर खोलने तथा कानून के अनुसार जमा राशि लौटाने की मांग करेंगे।

वर्षों से आंदोलन के बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन निवेशकों का कहना है कि वर्ष 2015 से अब तक वे कई बार शासन-प्रशासन को आवेदन और ज्ञापन सौंप चुके हैं। इसके अलावा शांतिपूर्ण रैली, धरना, जेल भरो आंदोलन, धमतरी से रायपुर तथा रायगढ़ से रायपुर तक पदयात्रा जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। 26 नवंबर 2025 को नगरी के कर्राघाटी चौक में चक्काजाम कर भी अपनी मांग उठाई गई थी।

निवेशकों का कहना है कि 16 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने बड्स एक्ट 2019 के प्रावधानों के पालन को लेकर राज्य सरकार को निर्देश दिए थे। इसके बावजूद अब तक कानून के अनुरूप भुगतान प्रक्रिया शुरू नहीं होने का आरोप लगाया जा रहा है। 31 जुलाई को दिल्ली में आयोजित संसद घेराव कार्यक्रम में नगरी ब्लॉक के निवेशक भी बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी जमा राशि वापस दिलाने की मांग करेंगे।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक घायल

**बालोद।** सब्जी खरीदने के लिए मोटर साइकिल से बालोद आ रहे युवक को अन्य मोटर साइकिल ने ठोकर मार दी। जिसके बाद पीड़ित मोटर साइकिल चालक ने अज्ञात मोटर सायकल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम परसोदा निवासी ओम प्रकाश रात्रे ने पुलिस को बताया कि 06 जुलाई को अपने मोटर मोटर साइकिल सीजी 04 डीडी 6448 में अपने गांव के भूपेन्द्र मेश्राम के साथ सब्जी लेने शाम को बालोद जा रहे थे, लोचन साहू के घर के पास ग्राम परसोदा रोड में पीछे से आ रही दुसरी अज्ञात मोटर मोटर साइकिल का चालक अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरे मोटर मोटर साइकिल को दाहिने तरफ से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, एक्सीडेंट से मुझे दाहिने हाथ, दाहिना घुटना, चेहरा, सिर में चोट लगा है तथा भूपेन्द्र मेश्राम को दाहिने पैर के अंगुली में चोट लगा है। मेरा मोटर मोटर साइकिल सीजी 04 डीडी 6448 क्षतिग्रस्त हो गया है। मुझे एक्सीडेंट से हाथ पैर चेहरा में ज्यादा चोट लगने से उसी दिन जिला अस्पताल बालोद से रिफर करने से मै अस्पताल रायपुर में ईलाज करा रहा था। स्वस्थ्य होने से रिपोर्ट करने आया हूं।

### सोलर पंप का केबल वायर चोरी

**बालोद।** सोलर पंप के केबर वायर को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। जिसके बाद सरपंच ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पंचायत खेरथाडीह के सरपंच ग्राम दैहान निवासी विनोद कोसमा ने पुलिस को बताया कि खेरथाडीह में पेयजल हेतु सौर ऊर्जा मोटर पम्प स्थापित है, जिससे ग्राम के आम जनता को पेयजल की आपूर्ति होती है। पेयजल हेतु सौर ऊर्जा के प्लेट से मोटर पम्प तक लगभग 225 फीट केबल वायर लगा हुआ था, जिसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। केबल वायर की कीमत लगभग 9500 रूपये है। पेयजल की आपूर्ति न होने पर ग्रामवासियो द्वारा मुझे 13 जुलाई को सूचित किया गया, तब मै स्वतः जाकर देखा तो सोलर पेनल से नलकूप के मोटर पम्प का केबल वायर को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

### शिक्षक पर जानलेवा हमला तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अण्डा।** ग्राम चंदखुरी स्थित गुरु घासीदास चौक में अवैध शराब और गांजा बिक्री का विरोध करने वाले शिक्षक नर्सिंग बारले पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित शिक्षक ने आरोप लगाया है कि तुषार कुर्रे पिता दिलीप कुर्रे, वासु बारले और यीशु निर्मलकर ने उनके साथ मारपीट की और ईंट-पत्थरों तथा नुकीली वस्तु से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। एफआईआर में दर्ज शिकायत के अनुसार, 17 जुलाई 2026 को शाम करीब 5 बजे शिक्षक स्कूल से मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे चंदखुरी के राम मंदिर, पुराना बाजार चौक के पास पहुंचे, आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे देने से इनकार करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और ईंट के टुकड़े से सिर पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पर नुकीली वस्तु से नाक के पास भी वार किया गया, जिससे उन्हें चोट आई और खून निकलने लगा। पीड़ित ने परिवार को घटना की जानकारी देने के बाद अपनी पत्नी और भाई के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प, विद्यार्थियों को दिया हरित भारत का संदेश

# खुरसुनी स्कूल में सीडबॉल निर्माण व बीजारोपण कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुनी गुण्डरदेही में सीडबॉल निर्माण व बीजारोपण कार्यशाला आयोजित किया गया।

पर्यावरण गतिविधि व संरक्षण टीम जिला बालोद द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से सीडबॉल, बीजारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पवन सोनबरसा थे। विशेष अतिथि जिला सह कार्यवाह जिला बालोद लाटाबोड निवासी विनोद कुमार साहू व पर्यावरण गतिविधि जिला संयोजक कुसुमकसा निवासी कमलकांत साहू ने प्रशिक्षण दिया।






कार्यशाला में खंड संयोजक योगेश्वर प्रसाद साहू, प्राचार्य पुष्पा सिंह, व्याख्याता योगिता कौशल, अंकु पाटेल, मंजू वाधमार, सुनील कुमार, अनिल कुमार, टीकाराम गोटेल, हेमलता, कविता सोनी, कविता जालान, मंगेश्वरी मरई, कुसुमलता बेलचंदा, पारसमणि साहू,यशवंत चौबे, लोरन सिंह ठाकुर, भृत्य प्रकाश कुमार ध्रुव, मिथलेश कुमार वर्मा व विद्यालय के भैया बहनों ने भागीदारी दिखाया। मुख्य अतिथि पवन सोनबरसा ने कहा यह एक अत्यंत प्रभावशाली और दूरदर्शी विचार है। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं या व्यक्तिगत प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि यह एक सामूहिक जन–आंदोलन से ही सफल हो सकता है। सीडबॉल बनाना एक आसान प्रक्रिया है, जिसे बच्चे, बुजुर्ग और परिवार के सदस्य साथ बैठकर कर सकते हैं। यह खाली पड़ी बंजर ज़मीनों या दुर्गम क्षेत्रें में हरियाली लाने का सबसे सस्ता और प्रभावी तरीका है। अध्यक्ष पवन सोनबरसा ने कहा इस कार्य को हम परिवार के साथ बैठकर भी कर सकते हैं, यह सभी की जिम्मेदारी है। कमलकांत साहू द्वारा नेशनल स्टूडेंट पर्यावरण प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दिया गया। यह छात्रों के लिए एक पर्यावरण आधारित प्रतियोगिता है, इसे भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय का समर्थन प्राप्त है। यह प्रतियोगिता 15 जुलाई से शुरू हो चूका है जो 15 अगस्त तक चलेगी। कार्यक्रम में पर्यावरण गतिविधि के कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और अधिक पौधे लगाने तथा उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

## ब्लॉक आदिवासी कांग्रेस गुरूर की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ब्लॉक आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष पालसिंह भूआर्य ने अपनी नवीन कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमे उन्होने अपने कार्यकारिणी का विस्तार किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के जनक ध्रुव के निर्देशानुसार बालोद जिला आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष लता कोर्राम के अनुशंसा से विधायक संगीता सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू के अनुमोदन से इस कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। ब्लाक आदिवासी कांग्रेस गुरूर के कोशाध्यक्ष गजेन्द्र मंडावी, उपाध्यक्ष रामेश्वर धुरव, हेमलाल धुरव, अलीराम बढ़ाई, बजभूशणऔधिया, चित्रलेखा तारम, गणेश्वरी नागवंशी को बनाया गया है।

महामंत्री मणीराम सेवता, सीताराम सोरी, भुनेश्वर ठाकुर, अरूण नेताम, पूजा ठाकुर, दीपक ठाकुर, शोभा गावरे, भोज चन्द्रवंशी होंगे, सचिव दिनदयाल धुरव, भागवत कुंजाम, चन्द्रहास ठाकुर, रामगुलाल सोम, करण सोरी, मनोज ठाकुर, नानक उईके, सूरज ठाकुर, फागूराम सोरी, भूपेन्द्र नायक, कार्यकारिणी सदस्य गणेश नेताम, ललेश देहारी, श्रवण ठाकुर गैंदलाल उइके, ईश्वर नायक के साथ विस्तारित कार्यकारिणी समिति में पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रभात धुरव, पूर्व प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति एचके कुंजाम, पूर्व प्राधिकृत अधिकारी विष्णुराम ठाकुर, पूर्व प्राधिकृत अधिकारी कुभलाल देहारी, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, जनपद सदस्य कौशल्या चन्द्रवंशी, पूर्व जनपद सदस्य कुलेश्वरी गावड़े, पूर्व जनपद सदस्य जागेश्वरी सोरी, रूपराम नागवंशी, राधेलाल नागवंशी, स्थाई आमंत्रित सदस्य सोहद्रा नेताम, स्थाई आमंत्रित सदस्य अगे"र यामले, संयुक्त सचिव विजयेन्द्र धुरव, होमन भुआर्य, किशन ठाकुर, उमाशंकर सिहारे, नेतराम कोलियारा, हेमलता मंडावी, मनोज भंडारी, टाके"वर भंडारी, घन"याम ठाकुर की नियुक्ति की गई है। नियुक्ति पर संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू, महामंत्री शादिक अली, सुमीत राजपूत, जिला उपाध्यक्ष तामेश्वर साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गुराम सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि टोमन साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ओंकार महमल्ला, कोषाध्यक्ष मनोज साहू, मीडिया प्रभारी शिवम्‍ कुरैटी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोनू ठाकुर उपस्थित थे।

# सामाजिक कार्यकर्ता महेश्वरी साहू को मिला 'महिला गौरव सम्मान-2026'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

शकुंतला फाउंडेशन, रायपुर द्वारा आयोजित आरोग्यम शिरोमणि सम्मान समारोह–2026 के अंतर्गत

- महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार और जनजागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया गया सम्मानित



ग्राम परसदा (डग) निवासी सामाजिक कार्यकर्ता महेश्वरी साहू को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान के लिए महिला गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह रायपुर के वृंदावन हॉल में आयोजित हुआ।

महेश्वरी साहू ने महिला सशक्तिकरण एवं उन्मुखीकरण कार्यशालाओं के आयोजन, स्वरोजगार आधारित प्रशिक्षण, महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इसके अलावा उन्होंने रक्तदान, बाल कल्याण, बाल संस्कार, बालिका सुरक्षा (गुड टच-बैड टच) जागरूकता, मासिक धर्म स्वच्छता अभियान, नशा उन्मूलन जनजागरूकता अभियान सहित विभिन्न सामाजिक विषयों पर रचनात्मक एवं जनहितकारी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है।

उनकी इस उपलब्धि पर माता चुनेश्वरी साहू, पिता नेमन साहू सहित स्वैच्छिक संगठनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस संबंध में जानकारी चंद्रहास साहू, युवा सामाजिक कार्यकर्ता, गुण्डरदेही द्वारा प्रदान की गई।

## आईटीआई डौंडीलोहारा में 22 जुलाई को प्लेसमेंट

**डौंडीलोहारा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) डौंडीलोहारा में 22 जुलाई को प्रातः 10 बजे प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार शिविर का आयोजन पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। संस्थान से मिली जानकारी के अनुसार प्लेसमेंट ड्राइव में टेक्नीशियन पद के लिए चयन किया जाएगा। इसमें फिटर, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट, मैकेनिक डीजल, पेंटर एवं शीट मेटल वर्क ट्रेड के अभ्यर्थी पात्र होंगे। चयनित उम्मीदवारों का कार्यस्थल पुणे (महाराष्ट्र) रहेगा। अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है। चयन प्रक्रिया साक्षात्कार (इंटरव्यू) के माध्यम से संपन्न होगी। प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपना बायोडाटा , आईटीआई प्रमाणपत्र एवं अंकसूची, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट आकार का फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय एवं निजी आईटीआई के पात्र अभ्यर्थी इसमें भाग ले सकते हैं।

# सरपंच मंजूलता ने ललित चंद्राकर से की मुलाकात

## ओरमा पंचायत के विकास कार्यों को लेकर सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त ललित चंद्राकर से ग्राम पंचायत ओरमा की सरपंच मंजूलता साहू ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत के विकास कार्योंर् तथा पिछड़ा वर्ग समाज के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।



मुलाकात के दौरान सरपंच मंजूलता साहू ने ग्राम पंचायत ओरमा में आवश्यक विकास कार्योंर् को लेकर उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में गांव की आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, सड़क एवं नाली निर्माण, सामुदायिक भवन सहित अन्य जनहितकारी कार्योंर् को प्राथमिकता के साथ स्वीकृत कराने का अनुरोध किया गया। राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त ललित चंद्राकर ने कहा कि राज्य सरकार गांवों के समग्र विकास तथा पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने ओरमा ग्राम पंचायत के विकास कार्योंर् में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास, सामाजिक सौहार्द और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। सरपंच मंजूलता साहू ने ग्राम पंचायत के विकास के लिए सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करने पर ललित चंद्राकर का आभार व्यक्त किया।

### मिशन नवचेतना

# बालोद पुलिस की अवैध शराब और नशाखोरी पर कार्रवाई, 9 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पुलिस ने मिशन नवचेतना के तहत देवरी व बालोद थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कई प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपियों के विरूद्व कार्यवाही की गई। जिले में संचालित मिशन नवचेतना के अंतर्गत 18 जुलाई को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रें में अवैध शराब, नशाखोरी एवं असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की गई।

इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा अलग–अलग थाना क्षेत्रें में दबिश देकर अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर समेकित कार्यवाही आबकारी एक्ट के तहत कुल 09 प्रकरण दर्ज कर 09 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिन पर धारा 34(1), 36(1) एवं 36(2) के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की गई। थाना देवरी द्वारा 05 प्रकरण में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक मनीष शेंडे के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए लगभग 24 पाव 4.320 लीटर देशी मदिरा एवं 200 रूपये नगद जब्त किया गया तथा आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। थाना बालोद द्वारा 04 प्रकरण में थाना प्रभारी निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व में सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन कर उत्पात मचाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। बालोद पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय की सूचना तत्काल पुलिस को दें तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। मिशन नवचेतना हेल्पलाइन नंबर 1933 तथा आपातकालीन सेवा 112 के द्वारा हेल्प ले सकते हैं।

# वीतरागता में ही है वास्तविक सुख और आत्मानंद की अनुभूति : अक्षय मुनि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- जैन उपाश्रय में धर्मसभा आयोजित, स्वाध्याय को जीवन का अनिवार्य अंग बनाने का दिया संदेश

नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण के सभागार में शनिवार को आयोजित धर्मसभा में जैन आचार्य भगवान श्रीरामलाल मसा के सुशिष्य शासन दीपक अक्षय मुनिजी मसा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस संसार में वास्तविक सुख केवल वितरागी मुनियों को ही प्राप्त होता है। जहां वितरागता होती है, वहां सुख-दुख का द्वंद्व समाप्त होकर केवल आनंद की अनुभूति शेष रह जाती है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन आत्मानंद की प्राप्ति के उद्देश्य से होना चाहिए, लेकिन अधिकांश लोग धन, सुख, सत्ता और वैभव की निरंतर दौड़ में लगे रहते हैं। यह सब कागज की नाव के समान है, जिससे जीवन की यात्रा कभी पूर्ण नहीं हो सकती। वास्तविक आनंद आत्मरमण और वितरागता में ही निहित है। इसके लिए सद्गुरु के सानिध्य में रहकर जीवन की दिशा बदलनी होगी तथा चेतना को जागृत करना होगा। अक्षय मुनिजी ने कहा कि धर्म केवल मंदिर या धर्मस्थल तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षण में उसका पालन होना चाहिए। जब धर्म जीवन में उतरता है, तब उसका प्रभाव व्यक्ति के आचरण और व्यवहार में स्पष्ट दिखाई देता है। महापुरुषों के सानिध्य में बैठने मात्र से उनके तेज, आभामंडल और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होने लगता है। उन्होंने अपने गुरु आचार्य भगवान श्रीनानालालजी मसा के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि महापुरुषों से कभी तर्क-वितर्क नहीं करना चाहिए। उनके प्रति श्रद्धा, विनय और समर्पण का भाव ही आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि सभी पंथों के साधु-संत वंदनीय हैं। उनकी अवमानना या असातना से बचना चाहिए। साधु-संतों की वाणी और उनका मार्गदर्शन जीवन को सही दिशा प्रदान करता है तथा कर्मों की निर्जरा का मार्ग प्रशस्त करता है। करुणा, प्रेम और पवित्र हृदय ही परमात्मा तक पहुंचने का सच्चा माध्यम हैं। जिसके भीतर शांति होती है, उसके जीवन का बाहरी संघर्ष भी शांत हो जाता है। इस अवसर पर सेवाभावी संत दिनेश मुनिजी मसा ने अपने प्रवचन में कहा कि स्वाध्याय से मन की पवित्रता बढ़ती है, कर्मों का शोधन होता है और पापों का प्रक्षालन होता है। स्वाध्याय साधु-संतों एवं श्रावकों के जीवन का प्रमुख अंग है। नियमित और विधिपूर्वक किया गया स्वाध्याय ज्ञान, विवेक और प्रज्ञा को विकसित करता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

## जमीन विवाद में बड़े भाई से मारपीट, बीच-बचाव करने आई महिला भी घायल

**बालोद।** जमीन विवाद को लेकर एक भाई ने दूसरे भाई की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अपने भाई के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम ओडार सकरी निवासी वेकंट प्रसाद सिन्हा ने पुलिस को बताया कि 17 जुलाई को मेरा छोटा भाई टूमेन्द्र कुमार सिन्हा जमीन के संबंध मे बात करने हेतु मुझे मेरे पैतृक ग्राम ओडारसकरी में बुलाये थे, बातचीत के दौरान भाई टूमेन्द्र मुझे मेरे बटवारा के हक मे मिले घर एवं कृषि भूमि के हक की बात को लेकर मुझसे वाद विवाद कर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं घर के आंगन मे रखे हुए रापा के बेठ से मारपीट कर रहा था, तब मेरी मुहं बोली बहन प्रीति मानिकपुरी ने बीच बचाव की, उसी दौरान मैं गांव के सियान लोगों को बुलाने गया था, तब मेरी मुहं बोली बहन प्रीति मानिकपुरी घर पर ही थी, जिसे मेरे छोटे भाई टूमेन्द्र ने कहा कि तुम कौन होते हो हमारे परिवार के बीच मे बोलने वाली बोलकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर रापा के बेठ से मारपीट किया जिससे प्रीति मानिकपुरी के कमर एवं बाए हाथ की कोहनी मे चोट एवं मेरे कमर, गर्दन में चोट लगकर दर्द हो रहा है।

## नियमित योग कर स्वस्थ जीवन अपनाने का दिया संदेश

# जामगांव (आर) में उप तहसील स्तरीय योग समिति की पहली बैठक

हरभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

विश्व योग दिवस पर गठित उपतहसील स्तरीय योग समिति जामगांव आर की प्रथम बैठक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में योग शाखा के साथ संपन्न हुई।

समिति के प्रथम बैठक में जामगांव आर सरंक्षक आसकरण जैन, अध्यक्ष डॉ गुलाब साहू, सचिव संतोष साहू, सहसचिव इंद्रकुमार ने मार्गदर्शन दिए। उपस्थित सभी साथियों ने लगातार 1 घंटे तक योग विधाओं को आत्मसात किए और सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में प्रत्येक माह प्रथम रविवार को प्रातः 5 बजे से 6 बजे तक चलने वाली योग की शाखा में स्वस्फूर्त सहभागिता अदा करने का वचन दिए। योग शाखा में जामगांव आर, औरी, बोरवाय, भनसुली, नवागांव, बेलहारी के योग प्रेमी शामिल हुए। उपतहसील स्तरीय योग समिति संरक्षक आसकरण जैन ने कहा कि तन मन को निरोगी बनाकर अनुशासन को स्व अनुशासन में बदलने की अदभुत कला सिखाती है। योग समर्पित होकर करें और पाए खुशहाल जीवन, उन्होंने कहा कि विचारों की गरीबी के कारण ही लालच, ईष्या –द्वेष, बेइमानी सुझती है। कोई विचार संपन्न व्यक्ति बेइमानी नहीं करता और करते हुए दिखता है तो वह विचार संपन्न नहीं हो सकता। धन सम्पन्नता और विपन्नता से परेशानी आ सकती है किन्तु विचार संपन्नता परेशानी का हल निकालने में महती भूमिका निभाती है इसीलिए विचार संपन्न सदैव प्रसन्नचित रहते है। अध्यक्ष डॉ गुलाब साहू ने कहा कि योग करके व्यक्ति जब स्वस्थ तन मन से परिवार समाज का संचालन करते है तब स्वमेव प्रसिद्धि कदम चूमती है। योग तो स्वयं को स्वयं से जोड़ने निरोगी काया देती है। बस नियमित योग करें, स्वस्थ और मस्त जीवन जिए।



प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को प्रातः 5 बजे पहुंचे, 6 बजे वापस प्रस्थान करें। सचिव संतोष साहू और सहसचिव इन्द्रकुमार ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि योगी सजगता पूर्वक समिति बैठकों में शामिल सुनिश्चित रखें। योगेंद्र साहू, शंभू कुमार, अभिषेक, पीयूष, मेघराज चंद्राकर, भावेश कुमार, हलधर, तोषन लाल, राजेंद्र, वैभव, अंगेश्वर साहू शामिल थे।

